एलायंस फॉर ग्लोबल गुड-जेंडर इक्विटी एंड इक्वलिटी

स्रोत: पी.आई.बी

भारत ने दावोस में54वें वार्षिक विश्व आर्थिक मंच (World Economic Forum- WEF) बैठक मेंएलायंस फॉर ग्लोबल गुड-जेंडर इक्विटी एंड इक्वलिटी अर्थात् "वैश्विक भलाई के लिये गठबंधन - लैंगिक समानता और समानता" (Alliance for Global Good- Gender Equity and Equality) की स्थापना की, जिसने महिला सशक्तीकरण एवं लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिये WEF से पूर्ण समर्थन प्राप्त किया।

एलायंस फॉर ग्लोबल गुड-जेंडर इक्विटी एंड इक्वलिटी की विशेषताएँ क्या हैं?

यह गठबंधन जी20 शिखर सम्मेलन 2023 के लीडर्स के घोषणा-पत्र और महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के लिये भारत की प्रतिबद्धता के अनुसरण में स्थापित किया गया है।
इसका उद्देश्य एंगेजमेंट ग्रुप की गतिविधियों का अनुसरण करना और व्यवसाय 20 (Business 20), महिला 20 (Women
20) और जी20 सशक्तीकरण (G20 EMPOWER) जैसे फ्रेमवर्क का निर्माण करना है।
महिलाओं के आर्थिक प्रतिनिधित्व के सशक्तीकरण और प्रगति के लिये G20 गठबंधन (G20 EMPOWER) एक पहल है
जिसका उद्देश्य निजी क्षेत्र में महिलाओं के नेतृत्व तथा सशक्तीकरण को प्रोत्साहित करना है।
इस नए गठबंधन का प्राथमिक और घोषित उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा तथा उद्यम के चिह्नित क्षेत्रों में वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं, ज्ञान साझाकरण एवं निवेश को एक साथ लाना है।
बिल और मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन द्वारा समर्थित, गठबंधन को भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) सेंटर फॉर वीमन लीडरशिप द्वारा स्थापित तथा संचालित किया जाएगा।
CII एक गैर-सरकारी, गैर-लाभान्वित, उद्योग-आधारित एवं उद्योग-प्रबंधित संगठन हैजो भारत के विकास के लिये अनुकूल वातावरण बनाने तथा उन्हें बनाए रखने के लिये काम करता है।
WEF एक 'नेटवर्क पार्टनर' के रूप में और इन्वेस्ट इंडिया एक 'संस्थागत भागीदार' के रूप में इस गठबंधन में शामिल हुआ है।
इन्वेस्ट इंडिया (Invest India) एक राष्ट्रीय निवेश संवर्द्धन एवं सुविधा एजेंसी है। इसकी स्थापना वर्ष 2009 में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग संवर्द्धन और आंतरिक व्यापार विभाग के तहत एक गैर-लाभकारी उद्यम के रूप में की गई थी।
गठबंधन का उद्देश्य भारत की समावेशी विकास के प्रति प्रतिबद्धता तथा "सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास" को ध्यान में रखते हुए महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को बढ़ावा देना है।

विश्व आर्थिक मंच

विश्व आर्थिक मंच सार्वजनिक-निजी सहयोग के लिये अंतर्राष्ट्रीय संगठन है।
फोरम वैश्विक, क्षेत्रीय और उद्योग एजेंडा को आकार देने के लिये समाज के अग्रणी राजनीतिक, व्यावसायिक, सांस्कृतिक तथा अन्य नेताओं को शामिल करता है।
WEF की स्थापना 24 जनवरी, 1971 को जर्मन इंजीनियर क्लाउस श्वाब द्वारा की गई थी, जिसका मुख्यालय जिनेवा में है।
उन्होंने "हितधारक पूंजीवाद" की अवधारणा प्रस्तुत की।
WEF स्विट्ज़रलैंड केदावोस में अपनी वार्षिक बैठक के लिये जाना जाता है। यह आयोजन वैश्विक मुद्दों पर चर्चा के लिये दुनिया भर के राजनीतिक और व्यापारिक नेताओं को आकर्षित करता है।
प्रमुख रिपोर्टें:
वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता रिपोर्ट, वैश्विक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट, ऊर्जा संक्रमण सूचकांक, वैश्विक जोखिम रिपोर्ट, वैश्विक यात्रा और पर्यटन रिपोर्ट।

UPSC सिविल सेवा परीक्षा , विगत वर्ष के प्रश्न

प्रिलिम्स:

प्रश्न. निम्नलिखित में से कौन, विश्व के देशों के लिये सार्वभौम लैंगिक अंतराल सूचकांक का श्रेणीकरण प्रदान करता है? (2017)

(a) विश्व आर्थिक मंच
(b) UN मानव अधिकार परिषद
(c) UN वूमन
(d) विश्व स्वास्थ्य संगठन

उत्तर: (a)

प्रश्न. निम्नलिखित में से कौन विश्व आर्थिक मंच (वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम) के संस्थापक हैं? (2009)

(a) क्लॉस श्वाब
(b) जॉन केनेथ गैलब्रेथ
(c) होबार्ट ज़ोएलिक
(d) पॉल क्रूगमैन

उत्तर: (a)

प्रश्न. वैश्विक प्रतियोगित्व रिपोर्ट (ग्लोबल कम्पिटिटिवनेस रिपोर्ट) कौन प्रकाशित करता है? (2019)

(a) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
(b) संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (यूनाइटेड नेशंस कॉन्फ्रेंस ऑन ट्रेड एंड डेवलपमेंट)
(c) विश्व आर्थिक मंच (वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम)
(d) विश्व बैंक

उत्तर: (c)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/alliance-for-global-good-gender-equity-and-equality